# राजस्थान युवा बोर्ड

(युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार)
सवाई मानसिंह स्टेडियम, प्रथम तल, जयपुर
Email- rajasthan.yb@gmail.com, IP Phone- 29-23957


# ''विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग''

## **"Viksit Bharat Young Leaders Dialogue"**

**(वर्ष 2025–26 वार्षिक वित्तीय बजट घोषणा के बिन्दु संख्या–13)**

**''सक्षम युवा, सशक्त युवा'', ''विकसित राजस्थान''**

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावना | 3 |
| 2 | विजन / मिशन | 4 |
| 3 | विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्देश्य | 5 |
| 4 | विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में पंजीकरण | 6 |
| 5 | विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के स्तर | 7 |
| 6 | विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम की चयन प्रक्रिया | 8 |
| 7 | मूल्यांकन मानदंड | 9 |
| 8 | विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के प्रभावी संचालन की रणनीति | 10 |
| 9 | आउटपुट / अपेक्षाए | 11 |

## 2 प्रस्तावना

आज हमारा देश विकसित देश बनने जा रहा है। मगर यदि हमारा युवा वर्ग जागृत हो, परिवर्तन और विकास की मशाल थाम ले तो हमें विश्व में सर्वाधिक विकसित अर्थव्यवस्था बनाने से कोई रोक नही सकता।

विकसित भारत@2047 के विजन को साकार करने एवं राजस्थान के युवाओं की आवाज को एक मंच प्रदान करने के लिये विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमें कौशल विकास कार्यक्रमों, रोजगार के अवसरों, उद्यमिता और स्टार्टअप विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्व–रोजगार, प्रतियोगी परीक्षा, करियर परामर्श, खेल, स्वास्थ्य (शारीरिक–मानसिक) आदि प्रयासों और संसाधनों के जोड़ने हेतु एक विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम की पहल की जा रही है।

युवा हमारे प्रदेश के कर्णधार है उनके भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु युवाओं के विकास को सर्वोपरि महत्व दिया जाये। इसके लिए आवश्यक है कि हम पहले उन प्रश्नों और मुद्दों को चिन्हित करें जो आज हमारे युवा मन को उद्वेलित कर रहे है और साथ ही उनके उत्तर भी तलाश करे। यदि युवाओं को दिग्भ्रम की स्थिति से उबारा जाये तो वे अपनी पूरी शक्ति एवं ऊर्जा स्वयं के देश के विकास में लगा सकते है।

साथ ही विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम सरकार द्वारा युवा कल्याण के लाभार्थ संचालित योजनाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव प्रदान करेंगे।

**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र को लेकर राज्य के युवाओं को सम्बल प्रदान करने, उनके रोजगार के अधिकाधिक अवसरों का सृजन करना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। युवा वर्तमान नीति निर्माण एवं शासन में भागीदारी को बढावा देने के लिये विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।**

# 3. विजन एवं मिशन

<u>विजन (**Vision**) :</u>– ‘‘युवाओं की सामूहिक क्षमता का दोहन करना है, ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में समग्र रूप से योगदान देने के लिये सशक्त बनाये जा सके।

<u>मिशन (**Mission**) :</u>– ‘‘युवाओं को भारत के नवाचार और प्रौद्योगिकी में विश्व नेता, आर्थिक विकास, एकता व अखण्डता, सतत् विकास को बढावा देने हेतु विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम एक नवीन पहल है।’’

## 4. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के उद्देश्य

- राज्य में विचार–विमर्श के माध्यम से युवाओं की आवाज को बुलन्द करना।
- राज्य में युवाओं को शासन में भागीदारी को बढावा देना।
- सार्वजनिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक मुद्दों पर युवाओं की राय/ सुझाव लेना।
- युवाओं में व्यक्तित्व, नैतृत्व विकास एवं निर्णय लेने की क्षमता में बढावा देना।
- युवाओं में नीति निर्माण में भागीदारी।

## 5. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में पंजीकरण

1. युवा साथी पोर्टल से माय भारत पोर्टल में राज्य के युवा जिसकी आयु 01.04.2025 तक 15–29 आयु वर्ग रजिस्ट्रेशन करेंगे।

## 6. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के स्तर

1. प्रथम चरण– विकसित राजस्थान@2047 के संबंध में 10 प्रश्नोत्तरी में भाग लेना होगा।

2. द्वितीय चरण– इस प्रश्नोत्तरी में उत्तीर्ण होने वाले युवा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे जो ऑनलाइन निबन्ध निम्न विषयों पर अपलोड किया जायेगा–

   i- सशक्त युवा–विकसित राजस्थान

   ii- स्टार्टअप–विकसित राजस्थान

   iii- नवाचार एवं प्रौद्योगिकी– विकसित राजस्थान

   iv- आधारभूत ढॉचे का निर्माण–विकसित राजस्थान

   v- युवा महिला–विकसित राजस्थान

3. तृतीय चरण– 41 जिले में से प्रत्येक जिले से 10–10 चयनित युवाओं का स्तर पर निबन्ध प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होने वाले युवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिसमें भौतिक रूप से प्रस्तुतीकरण पीपीटी के माध्यम से दी जावेगी जिसमें से 41 युवाओं का चयन किया जायेगा।

4. चतुर्थ चरण– प्रत्येक जिला स्तर से 1–1 चयनित युवा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होने वाले 29वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सहभागिता करेंगे।

## 7. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम की चयन प्रक्रिया

1. कार्यक्रम दो स्तरों पर ऑनलाइन (प्रथम एवं द्वितीय) विषय विशेषज्ञ, ख्यातिप्राप्त, निष्पक्ष निर्णायकगणों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र के अनुसार मूल्यांकन किया जायेगा।

2. शेष 2 स्तरों राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भौतिक रूप से विषय विशेषज्ञ, ख्यातिप्राप्त, निष्पक्ष निर्णायकगणों के द्वार निर्धारित प्रपत्र के अनुसार मूल्यांकन किया जायेगा।

## 8-मूल्यांकन मानदंड

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में वक्ताओं के चयन के लिए मूल्यांकन मानदंड नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित हैं:

| आयाम | मानदंड | वेटेज |
|---|---|---|
| **सामग्री की गुणवत्ता** | - चुने गए "विकसित भारत" विषय की स्पष्ट समझ<br>- विचारों और अंतर्दृष्टि की गहराई।<br>- विषय से प्रासंगिकता। | 30 |
| **संरचना एवं संगठन** | - विचारों का तार्किक प्रवाह।<br>- स्पष्ट परिचय, मुख्य भाग और निष्कर्ष।<br>- उपशीर्षकों और संक्रमणों का प्रभावी उपयोग। | 20 |
| **मौलिकता और रचनात्मकता** | अद्वितीय दृष्टिकोण या नवीन विचार।<br>- सामान्य तर्कों से परे विषय पर ताज़ा दृष्टिकोण।<br>- सम्मोहक उदाहरणों का उपयोग। | 15 |
| **स्पष्टता और भाषा** | - व्याकरण, वर्तनी और विराम चिह्न।<br>- वाक्य निर्माण में स्पष्टता और सुसंगतता।<br>- औपचारिक और आकर्षक भाषा का उपयोग। | 15 |
| **साक्ष्य का उपयोग** | - प्रासंगिक डेटा, तथ्य या उदाहरण (जैसे, सरकारी पहल, सांख्यिकी, वैश्विक तुलना) का हवाला देना।<br>- स्रोतों का प्रभावी एकीकरण। | 10 |
| **निष्कर्ष** | - मुख्य बिंदुओं को प्रभावी ढंग से सारांशित करता है।<br>- कार्रवाई योग्य सुझाव या एक मजबूत समापन विचार प्रस्तुत करता है।<br>- एक स्थायी छाप छोड़ता है। | 10 |
| | Total | 100 |

## 9. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम के प्रभावी संचालन की रणनीति

1. राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाइड पर युवा साथी केन्द्र का पार्टल बनाकर युवाओं को समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/होर्डिंग बैनर/पम्पलेट के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जायेगा।
2. आनॅलाईन आवेदनों को विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के प्रोफेसरों द्वारा निष्पक्ष निर्णायकगणों के द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा।
3. विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम में सयुक्त राष्ट्र संध की संस्था यूएनएफपीए से तकनीकी सहयोग लिया जाना है।
4. समस्त जिला कलेक्टरों को प्रचार–प्रसार हेतु पत्र लिखा जाना प्रस्तावित है।

## 11 आउटपुट / अपेक्षाए

1. राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को तरासना व नवाचार में वृद्धि हेतु मार्ग दर्शन देना।
2. राज्य में युवाओं को विकसित भारत परिकल्पना को साकार करना।
3. युवाओं का सकारात्मक सोच हेतु मार्ग दर्शन देना।
4. युवाओं को विभिन्न समस्यों के समाधान हेतु मार्ग दर्शन देकर सलाहकार केन्द्र के रूप में विकसित करना।
5. बजट घोषणा वर्ष 2025–26 की समयबद्ध प्रभावी क्रियान्वयन।